



# सावन के प्रथम सोमवार को निकाली गई 84 कोसी यात्रा

## हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक, पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 अगस्त, गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के पावन पुण्य अवसर पर मऊगंज के पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना के नेतृत्व में निकली 84 कोसी पदयात्रा का प्रथम चरण श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ. यात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए और देवतालाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया.**



पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने यात्रा की शुरुआत बरांव स्थित गणेश धाम में विधिवत पूजा-अर्चना से की. इसके बाद मऊगंज के महामृत्युंजय मंदिर में भगवान शिव का पूजन कर जल लेकर पैदल यात्रा प्रारंभ करते हुए शिवनगरी देवतालाब पहुंचे. जहां उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की. यात्रा के दौरान मिश्र मंडल मोड़ पर समाजसेवी एवं युवा नेता विपिन त्रिपाठी एवं सरताज अली वारसी ने मऊगंज दुवगवां द्वारा शिवभक्तों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा जलपान की व्यवस्था की गई. इसके अलावा पथरिहा मोड़, पन्नी, डगडौआ, खीरी, नौढिया मोड़ सहित दर्जनों स्थानों पर स्थानीय लोगों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया. यात्रा में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पद्मेश गौतम, युवा नेता एवं समाजसेवी विपिन त्रिपाठी, गौरव सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी,शहर अध्यक्ष रवि गुप्ता, कांग्रेस सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष अरुणा तिवारी, कांग्रेस नेता यदुवंश मिश्रा, विश्वनाथ मिश्र,मकसूद खान सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु शामिल रहे.

उक्त आयोजन को लेकर पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने कहा कि श्रावण मास भगवान भोलेनाथ की आराधना का सबसे पावन और पुण्यदायी समय माना जाता है. इस पवित्र माह में की गई शिवभक्ति से व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और क्षेत्र का कल्याण होता है. 84 कोसी यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में आस्था, एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करना है. उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सहयोग एवं उत्साह के लिए आभार व्यक्त किया.



# अवैध रूप से नशीली गोलियों की बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 अगस्त, जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में गुढ़ पुलिस को नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है.**

गुढ़ थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से भारी मात्रा में नशीली गोलियों की बिक्री करने की फिराक में घूम रहा है. थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गठित कर तत्काल दबिश दी गई. घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया गया और तलाशी लेने पर उसके पास से अल्फा जोलम 0.5 एमजी की कुल 1500 गोलियां बरामद की गई.

इन प्रतिबंधित दवाओं के क्रय विक्रय अथवा परिवहन के संबंध में आरोपी से लाइसेंस या डॉक्टर की पर्ची मांगी गई, जिसे प्रस्तुत करने में वह पूरी तरह असमर्थ रहा. मामले में आरोपी बालेश्वर उर्फ गुल्लू प्रजापति पिता रामाश्रय प्रजापति उम्र 33 वर्ष, निवासी गुढ़ वार्ड क्रमांक 8 थाना गुढ़, जिला रीवा को गिरफ्तार कर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जा रही है.



# विधायक ने खामडीह स्थित श्री भैरव लोक के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज


**गुढ़, 4 अगस्त, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के खामडीह स्थित श्री भैरव लोक में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का विधायक नागेन्द्र सिंह ने मंगलवार को निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली.**

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की. श्रावण मास के पावन अवसर पर विधायक ने श्री भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान श्री भैरवनाथ के दर्शन एवं पूजन कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की. निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं श्री भैरवनाथ लोक समिति के अध्यक्ष सुधाकर सिंह, तहसीलदार एवं समिति के सचिव अरुण कुमार यादव, नायब तहसीलदार श्रीमती महिमा पाठक, एमपीआरडीसी के अधिकारी, अभियंता, सिंचाई विभाग के अधिकारी, सरपंच दयाशंकर तिवारी, सचिव श्री अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे.

# दद्‌दीलाल मिश्रा के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 4 अगस्त, मऊगंज जिले केपत्रकार राजेंद्र पयासी के पिता 93 वर्षीय दद्दी लाल मिश्रा के हृदयाघात के चलते संजय गांधी अस्पताल में हुए निधन पर पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त है.**



पार्थिव शरीर को गृहग्राम नईगढी लाया गया. जहां आज दोपहर को पूर्ण वैदिक विधि विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. सुरेंद्र कुसुमाकर श्रीमाली, राष्ट्रीय प्रवक्ता संपत दास गुप्ता, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष सरोज गुप्ता, अशोक समदड़िया, उमेश मिश्रा विमलेश मिश्रा राजू सिंह सेंगर, राजेश दुबे, टी एन मिश्रा,आलोक शर्मा, नसीम खान,आसीश कुमार शुक्ला अंकित शुक्ला,श्याम मिश्रा, आनंद मिश्रा दीपक सिंह गहरवार श्याम बाबू गुप्ता ट्विंकल केसरी, प्रमोद वर्मा,दीपक गुप्ता रूद्र प्रताप सिंह प्रेम तिवारी आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है.

# अध्यक्ष-सीएमओ के खिलाफ दूसरे दिन जारी रहा पार्षदों का धरना

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 अगस्त, नगर परिषद गुढ़ में सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना सिंह एवं सीएमओ मोहित शुक्ला के खिलाफ कथित वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर अनिश्चितकालीन जारी है.**

नगर परिषद कार्यालय के सामने आयोजित इस धरने में नगर के 14 पार्षदों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए. धरना प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताएं की गई हैं. पार्षदों का कहना है कि अध्यक्ष के निजी वाहन में 100 लीटर प्रति माह डीजल निकाला गया तथा लगभग 300 घंटे जेसीबी चलाने के नाम पर कथित रूप से फर्जी बिलों का भुगतान कराया गया.



पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद में पदस्थ चार संविदा कर्मियों के खातों में लगभग 36 लाख रुपये का कथित फर्जी अवैध रूप से तनखाह लिया गया है. वहीं नदी सौंदर्यीकरण कार्य के नाम पर लगभग 90 लाख रुपये पानी में बहाने की अनियमितता होने तथा स्वच्छता कार्यों में लाखों रुपये के भुगतान के बावजूद जमीनी स्तर पर अपेक्षित कार्य नहीं होने का आरोप लगाया गया. धरना देने वाले पार्षदों में श्रीमती गीता मुद्रिका तिवारी, ओम त्रिपाठी, दुर्गेश गुप्ता, श्रीमती सरोज महेन्द्र उपाध्याय, मुमताज खान, अर्चना साकेत, नितेश साकेत, पुष्पा प्रजापति, सोनू प्रजापति, शंकरलाल बंसल, बबीता यादव, आनंद यादव, श्रीमती गीता सज्जन सिंह, बालेश्वर गुप्ता, सशिप्रभा, बिमला रावत एवं जगदीश गोटिया सहित अन्य लोग शामिल रहे. धरना स्थल पर कांग्रेस नेता महेन्द्र उपाध्याय सहित अन्य कांग्रेस नेता पहुंचे और चर्चा की.

# राजेन्द्र मिश्रा का दु :खद निधन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 अगस्त, गुढ़ नगर परिषद बार्ड 2 निवासी वरिष्ट पत्रकार रावेन्द्र प्रसाद मिश्रा के बडे भ्राता राजेन्द्र मिश्रा का सावन के प्रथम सोमवार को देर रात्रि हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया.**

वे लगभग 65 वर्ष के थे. जिनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को सुबह किया गया. श्री मिश्रा नगर पालिका परिषद सीधी में पदस्थ थे और सेवा निवृत्त होने के बाद अपने अपने



परिवार जनो के साथ जीवन यापन कर रहे थे. इनके निधन पर गुढ़ नगर के राजकुमार मिश्रा, न.प. पूर्व उपाध्यक्ष राजकपूर मिश्रा, मधुमर्दन प्रसाद मिश्रा, अरुणकुमार मिश्रा, महेन्द्र शरण तिवारी, पत्रकार विकास परिषद के पूर्व महासचिव इन्द्रभान प्रसाद उपाध्याय, रामू गर्ग, भाजपा मंण्डल अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता, राजभान उपाध्याय, इन्द्रपाल उपाध्याय, विकर्ष उपाध्याय, इसराईल खान, रामकलेश पाण्डेय, सहित नगर के राजकुमार मिश्रा, राजकपूर मिश्र, बीरबहादुर सिंह, नारेन्द्र सिंह, अनन्त कुमार मिश्रा, बबलू मिश्रा, प्रमोद गौतम, अशोक शर्मा, दिनेश पाण्डेय, रजनीश कुमार पाण्डेय,शिवेश चतुर्वेदी, सहित नगर के सभ्रान्त लोगो ने गहरा दुख ब्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांती के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है.

# स्टेट बैंक के सामने खोद दी गई नाली जान जोखिम में डालकर खातेदार पहुंचते हैं बैंक

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 4 अगस्त, भारतीय स्टेट बैंक शाखा कार्यालय चाकघाट के सामने नगर परिषद द्वारा बनाई जा रही पक्की नाली निर्माण का कार्य अधूरे में छोड़ दिया गया है.**

जिससे बैंक में आने जाने वाले खातेदारों एवं हितग्राहियों को बैंक शाखा में पहुंचने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. लगभग डेढ़ मीटर चौड़े नाली को पार करने में दुर्घटना की आशंकी बनी




हुई है. बताया गया है कि लगभग एक माह से नगर परिषद चाकघाट के ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के नाम पर गड्ढा खोद दिया गया है और निर्माण कार्य अधूरे में बंद कर दिया गया है. गड्ढे के ऊपर अस्थाई ढक्कन भी नहीं बनाया गया है.

नाली निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड की अनरूप नही हो रहा है. खुली नाली के ऊपर डेढ़ फीट चौड़ा लकड़ी का पटरा रख दिया गया है जिससे आने-जाने पर नाली में गिरकर जान गंवाने अथवा गंभीर रूप से घायल होने का खतरा बना हुआ है.

हालांकि ठेकेदार द्वारा लगभग डेढ़ फीट चौड़ा एक पटरा नाली के ऊपर रख दिया गया है जिस पर से चलकर जाने में परेशान होना पड़ रहा है. बैंक द्वारा अपने अशक्त हितग्राहियों एवं खातेदारों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की है किंतु अधूरी नाली के कारण व्हीलचेयर से लोग बैंक तक नही पहुंच सकते है.



# दुआरी गांव में शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 अगस्त, गुढ़ से लगे दुआरी गांव में संचालित शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है और आम जनमानुष को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

ग्रामीणों का कहना है कि दुकान स्कूल और आदिवासी बस्ती के बीच स्थित होने के कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. ग्रामीणों के अनुसार, शराब दुकान के आसपास दिनभर लोगों की भीड़ लगी रहती है, जिससे आने-जाने वाले विद्यार्थियों और महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है. उनका कहना है कि कई बार शराब के नशे में लोगों द्वारा हंगामा और अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को इस संबंध में शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. ग्रामीणों ने मांग की है कि आबादी और स्कूल के समीप संचालित शराब दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाए. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनआंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे. उनका कहना है कि बच्चों के भविष्य और आदिवासी बस्ती के शांतिपूर्ण वातावरण की रक्षा के लिए प्रशासन को शीघ्र हस्तक्षेप करना चाहिए. हालांकि, इस मामले में संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है. प्रशासन की ओर से प्रतिक्रिया मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा. अब ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर प्रशासन अब तक मौन क्यों है? क्या शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा, या फिर कार्रवाई में लापरवाही बरती जा रही है? लोगों का कहना है कि प्रशासन को इन सवालों का जवाब देना चाहिए और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए.

# गुढ़ तहसील में शासकीय जमीनों पर हो रहा कब्जा

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 4 अगस्त, गुढ़ तहसील अंतर्गत दुआरी सर्किल क्षेत्र में शासकीय भूमि पर तेजी से फैलता अवैध अतिक्रमण अब प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है.**

क्षेत्र के कई गांवों में वर्षों से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई के अभाव में अतिक्रमणकारियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायतें की गईं एवं सोशल मिडिया के माध्यम से आवाज बुलंद की गई लेकिन इसके बावजूद न तो राजस्व अमले द्वारा व्यापक सीमांकन कराया गया और न ही अवैध कब्जों को हटाने के लिए कोई ठोस अभियान चलाया गया. परिणामस्वरूप सरकारी भूमि पर स्थायी निर्माण, बाड़बंदी और कब्जों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे शासन की करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्ति पर खतरा मंडराने लगा है. क्षेत्र वासियों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो अतिक्रमण बढ़ेगा.

**कार्यालय नगर परिषद सेमरिया जिला रीवा म.प्र.**

Address-semariya Ward-09, Pin Code-486445
Email-cmosemariya@mpurban.gov.in

क्रमांक 102 दिनांक-28.7.2026

**//इश्तहार मियादी 15 दिवस//**

विषय :- कर पंजी में नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में

उपरोक्त विषय के संबंध में जरिये सूचना सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूजा कुशवाहा पति श्री अशोक कुशवाहा निवासी गणेश नगर सतना वार्ड क्र.14 जिला सतना म.प्र. के निवासी हैं, इनके द्वारा वार्ड क्र.4 स्थिति सेमरिया वार्ड 4 गोलिया कुशवाहा पति सूर्यबली कुशवाहा का कच्चा / पक्का मकान नमानतरण किया गया है. श्रीमती गोलिया कुशवाहा पति सूर्यवली कुशवाहा का कर पंजी के सरल क्रमांक 54 में नाम दर्ज है जिनके स्थान पर पूजा कुशवाहा पति श्री अशोक कुशवाहा का नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया गया है. जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है. उत्तर-रामफल कुशवाहा, पूर्व-रोड, दक्षिण-सुखलाल कुशवाहा, पश्चिम: कोदूलाल मिश्रा वगैरह.

अत: किसी को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर अभिलेख सहित आपत्ति करें अग्रिम कार्यवाही की जावेगी. निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)**

# जन-विश्वास अभियान की कार्ययोजना तैयार करें : संजय

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 अगस्त, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस महत्वाकांक्षी अभियान को जिले में शत-प्रतिशत सफलता के साथ आयोजित किया जाए.**

उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत एक माह की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा प्रत्येक शिविर की सूचना संबंधित क्षेत्र में कम से कम एक सप्ताह पहले उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ ले सकें. कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिविरों के पूर्व आवश्यक होमवर्क पूरा रखें, आवेदनों के लिए मानक प्रारूप तैयार करें तथा प्राप्त आवेदनों का श्रेणीवार संधारण करें. उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में सांसद, विधायक, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए. विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए सामूहिक वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता दी जाए तथा अधिकारी शिविर से पहले क्षेत्र का भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं का यथासंभव निराकरण करें.

बैठक में अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शिविर आयोजन से पूर्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों से संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और छोटे-छोटे मुद्दों का भी समय रहते समाधान करें. उन्होंने कहा कि यह शासन का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविर के दौरान प्राप्त समस्याओं का अधिकतम निराकरण मौके पर ही किया जाए.

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 4 अगस्त, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं.**

जनसुनवाई में कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार परीक्षण कर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में ग्राम पथरहा निवासी बृजमोहन सिंह ने लंबित इंतकाली प्रकरण के निराकरण के लिए आवेदन दिया जिसमें कलेक्टर ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए.



मऊगंज निवासी दीपक कुमार शर्मा ने बैंक खाते पर लगी होल्ड हटवाने का आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर ने लीड जिला प्रबंधक (एलडीएम) एवं संबंधित बैंक को प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए. ग्राम नरैनी निवासी आरती साकेत ने खाद्यान्न पात्रता पर्ची जारी कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया कलेक्टर ने खाद्य विभाग एवं संबंधित पंचायत अधिकारियों को पात्रता का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

ग्राम तरौड़ा निवासी जागृति मिश्रा ने अनुकंपा नियुक्ति का प्रकरण लोक शिक्षण संचालनालय स्तर पर लंबित होने का आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण का आवश्यक अनुसरण कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. ग्राम कोट, तहसील नईगढ़ी निवासी कन्हैया साकेत ने भूमि सीमांकन एवं मौके पर कब्जा दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया.